दैनिक भास्कर

देवास 15-10-2025

# देवास सिटी

दैनिक भास्कर, इंदौर, बुधवार, 15 अक्टूबर, 2025

**बागली में सीएम** • 323.91 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया, सभा को संबोधित करने से पहले पोर्टल का शुभारंभ किया

## देवास जॉब पोर्टल लांच... घर बैठे तलाश कर सकेंगे नौकरी

भास्कर संवाददाता | देवास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को बागली पहुंचे। सभा को संबोधित करने से पहले देवास जॉब पोर्टल का शुभारंभ किया। यह वही पोर्टल है, जिसका प्रेजेंटेशन देवास कलेक्टर ऋतुराजसिंह ने भोपाल में हुई पीएम-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में दिया था। इस पोर्टल के माध्यम से अब कंपनियों में कहां कौन सी नौकरी है, घर बैठे ही तलाश कर सकेंगे। वहीं 323.91 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें जल समूह योजनाएं, उप स्वास्थ्य केंद्र भवन, छात्रावास निर्माण, सड़क निर्माण सहित अन्य विकास कार्य शामिल है।

वहीं 95.72 करोड़ रुपए से होने वाले 18 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके अलावा गोशाला के लिए टोंकखुर्द तहसील के सेकली गांव में 134 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। यहां 500 गायों को रखने की व्यवस्था रहेगी। सीएम ने सभा को संबोधित करने से पहले रोड शो कर लोगों को अभिवादन किया।




बागली में सरकारी सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण करते सीएम यादव।

### इन कार्यों का हुआ भूमिपूजन

- **पीडब्ल्यूडी:** 61.17 करोड़ से 12 कार्य होंगे।
- **कौशल विकास विभाग:** 12.90 करोड़ से एक कार्य।
- **स्वास्थ्य विभाग:** 11.34 करोड़ रुपए से एक कार्य होगा।
- **श्रम विभाग:** 6.16 करोड़ रुपए से एक कार्य होगा।
- **शिक्षा विभाग:** 2.70 करोड़ से दो कार्य होंगे।
- **उच्च शिक्षा विभाग:** 1.45 करोड़ रुपए से एक कार्य होगा।

### ये विकास कार्य जिनका लोकार्पण हुआ

- नेमावर जल समूह योजना।
- 491 ग्राम पंचायतों में 422 बाल वाटिकाओं का लोकार्पण।
- सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण।
- 46 ग्राम पंचायतों में लगाए गए 900 सीसीटीवी कैमरों का शुभारंभ।

### लिंक पर क्लिक करने के बाद जो भी स्टेप्स आएंगी उसमें सभी जानकारी भरने के बाद पोर्टल पर रिज्यूमे अपने आप बन जाएगा

सीएम यादव ने जिले के युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए देवास जॉब पोर्टल का शुभारंभ किया। बताया कि https://dewasjob.mp.gov.in/ लिंक पर जाकर क्लिक करने पर यह खुल जाएगी। जो भी स्टेप्स आएंगे उसमें सभी प्रश्नों की जानकारी भरने के बाद व्यक्ति का एक रिज्यूमे पोर्टल पर अपने आप बन जाएगा। जो कि विभिन्न कंपनियों को दिखेगा। कंपनियां अपनी जरूरत और युवाओं की योग्यता के अनुसार आवेदक से मेल के माध्यम से संपर्क करेंगी। इस प्रकार जिले के युवाओं को रोजगार प्राप्त करने में सुविधा होगी।

**देवास जॉब पोर्टल**

पोर्टल खुलने के बाद इस तरह के ऑप्शन आएंगे

**नौकरियां शीर्षक के अनुसार**

- अनुभव के अनुसार नौकरियां
- नौकरियां नौकरी के प्रकार के अनुसार
- नौकरियां काम के स्थान के अनुसार
- पेशेवर स्तर से नौकरियां
- डिग्री स्तर के अनुसार नौकरियां
- लिंग के अनुसार नौकरियां
- उद्योग के अनुसार नौकरियां
- नौकरियां कौशल के अनुसार
- क्षेत्रों के अनुसार नौकरियां
- कंपनी के अनुसार नौकरियां